भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसीधारकों को उनकी कालातीत पॉलिसियों को पुनर्चलित करने के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है

इन अनिश्चित समय में निरंतर जोखिम आवरण प्रदान करने के लिए, एलआईसी कालातीत पॉलिसियों के पुनर्चलन के लिए एक उत्कृष्ट अवसर लेकर आया है। व्यक्तिगत कालातीत पॉलिसियों के लिए 23 अगस्त, 2021 से 22 अक्टूबर, 2021 तक एक विशेष पुनर्चलन अभियान शुरू किया जा रहा है ।

मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए, भुगतान किए गए कुल प्रीमियम के आधार पर, टर्म एश्योरेंस और उच्च जोखिम योजनाओं के अलावा अन्य के लिए विलंब शुल्क में रियायतें दी जा रही हैं । चिकित्सा आवश्यकताओं पर कोई रियायत नहीं है। योग्य स्वास्थ्य और सूक्ष्म बीमा योजनाएँ भी विलंब शुल्क में रियायत के लिए पात्र हैं । इस विशेष पुनर्चलन अभियान के तहत, विशिष्ट योग्य योजनाओं की पॉलिसियों को कुछ नियमों और शर्तों के अधीन पहले अदत्त प्रीमियम की तिथि से 5 वर्षों के भीतर पुनर्चलित किया जा सकता है ।

पात्र पॉलिसियों के लिए विलंब शुल्क में रियायत (हाई रिस्क प्लान जैसे टर्म एश्योरेंस और मल्टीपल रिस्क पॉलिसी आदि रियायत के लिए पात्र नहीं हैं)

कुल प्राप्य प्रीमियम	विलम्ब शुल्क रियायत	अधिकतम अनुमानित छूट
Upto Rs.1,00,000	20%	Rs.2000/-
From 1,00,001 to Rs.3,00,000	25%	Rs.2,500/-
From 3,00,001 and above	30%	Rs.3000/-
Micro Insurance Plans	100%	Full

ऐसी पॉलिसियाँ जो प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान कालातीत स्थिति में हैं और जिन्होनें पॉलिसी अवधि पूरी नहीं की गई इस अभियान में पुनर्चलन के लिए पात्र हैं ।

यह अभियान उन पॉलिसीधारकों के लाभ के लिए प्रारम्भ किया गया है जिनकी पॉलिसी कालातीत हो गई थी क्योंकि वे अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण समय पर प्रीमियम का भुगतान नहीं कर पाए थे । बीमा आवरण को बहाल करने के लिए पुरानी पॉलिसी का पुनर्चलन करना हमेशा बेहतर होता है। एलआईसी अपने पॉलिसीधारकों और संरक्षित रहने

की उनकी इच्छा को महत्व देता है। यह अभियान एलआईसी के पॉलिसीधारकों के लिए अपनी पॉलिसियों का पुनर्चलन करने और बीमा को बहाल करके अपने परिवार के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक अच्छा अवसर है ।

दिनांक 22 अगस्त, 2021 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें,

कार्यकारी निदेशक (निगमित सम्प्रेषण)

भारतीय जीवन बीमा निगम

, केंद्रीय कार्यालय

मुंबई, ईमेल आईडी ed_cc@licindia.com

हमारी वेबसाईटwww.licindia.in **पर विजिट करें**